दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानों पर

नरेन्द्र मोदी

आईपीएस लॉ कालेज में उड़नदस्ता टीम का छापा, उड़नदस्ता टीम ने धर दबोचे नकलची विद्यार्थी

विश्वविद्यालय ने आईपीएस लॉ कॉलेज का बदला परीक्षा केन्द्र, बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज को बनाया नया परीक्षा केन्द्र

अमर हिन्दुस्तान

रूड़की। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालययूटीयू की सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं आज से प्रारम्भ हो चुकी हैं।रूड़की क्षेत्र में आने वाले आईपीएस लॉ कालेज व आईटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्वविद्यालय के उड़नदस्ते ने आज छापेमारी की और इस छापेमारी के दौरान कई नकलचियों को धरदबोचा। आईपीएस लॉ कालेज में विधि पाठ्यक्रमों और आईटीआर कालेज में बीफार्म व बीटैक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही थी। विश्वविद्यालय के उड़नदस्ता टीम ने प्रथम पाली में जब आईपीएस लॉ कालेज में छापा मारा तो लॉ पाठ्यक्रम (बीए एलएलबी के 2, एलएलबी का 1) विद्यार्थी खुलेआम नकल करते पकड़े

गये और उड़नदस्ते की टीम को आते देख सभी इधर-उधर भागने की कोशिश करने लगेतो उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा कक्ष का दरवाजा बन्द कर दिया।वहीं आईटीआर कालेज में बीफार्मा के एक छात्र नकले करते हुए पकड़े गये।वहीं दूसरी पाली में उड़नदस्ता की टीम ओम-बायो साइंस फार्मेसी कालेज गई तो वहां पर भी फार्मेसी का एक छात्र नकल करते हुए पकड़ा गया है। नकलची छात्रों से पकड़ी गयी लिखित सामग्रियों को उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कब्जे में लेकर सील करवा दिया गया।कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा गठित फलाइंग दस्ते की टीम से जैसे ही परीक्षाओं में अनियमितता की सूचना विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई तो विश्वविद्यालय ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आईपीएसलॉ कालेज का परीक्षा केन्द्र निरस्त कर दिया गया है और उक्त कालेज के छात्रों की आगामी परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु तत्काल प्रभाव से आज से बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।आईपीएस लॉ कालेज केन्द्र पर परीक्षाओं में आज हुई अनियमितताओं के दृष्टिगत विश्वविद्यालय स्तर पर दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है। गठित उक्त जांच कमेटी शिकायत पर सभी तथ्यों का समग्रता सेजांच करते हुए अपनी रिपोर्ट एक दिन के अन्दर विश्वविद्यालय को सौंपेगी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के अध्ययन के बाद संबंधित संस्थान के खिलाफ उचित कार्यवाही की प्रक्रिया अपनायी जा सकती है।